

सांध्य दैनिक

# 4PM



जब तक गलती करने की स्वतंत्रता ना हो, तब तक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है।

–महात्मा गांधी

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_SanjayS YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 11 ● अंकः 268 पृष्ठः 8 ● लखनऊ, गुरुवार 6 नवम्बर, 2025



दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय... 7 | बिहार विस चुनाव : पहले चरण में... 3 | रोजगार के लिए युवा नेतृत्व... 2


# विस चुनाव : पहले चरण में बंपर मतदान

# बिहार लिख रहा नयी कहानी

## युवाओं में उत्साह, महिलाओं की लंबी कतारें



### बेगूसराय आगे पटना में सबसे कम मतदान

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान शुरू हो गया है। दोपहर 1 बजे तक पूरे बिहार में 42.65 प्रतिशत वोटिंग हुई है। 11 बजे तक बेगूसराय सबसे ज्याद व पटना में सबसे कम मतदान हुआ। उधर शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता ज्यादा उत्साह से पोलिंग बूथ पर पहुंच रहे है ।

» **राघोपुर से तेजस्वी यादव तारापुर से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, काराकाट से ज्योति सिंह, भोर से प्रीति किन्नर, मोकामा से अनंत सिंह, अली नगर से मैथिली ठाकुर, छपरा से खेसारी लाल यादव और महुआ से तेज प्रताप यादव की किस्मत दांव पर**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। सुबह की हल्की ठंड और मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें। चेहरों पर उम्मीद, निगाहों में भविष्य, और जेब में मतदाता पहचान पत्र। पूरे बिहार का कुछ ऐसा ही नजारा आज देखने को मिला। बिहार विधानसभा में पहले चरण के लिए आज वोट डाले जा रहे हैं।

इसमें 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर जनता वोटिंग कर रही है। मतदान का ये चरण राज्य की राजनीतिक दिशा तय करेगा। एनडीए और महागठबंधन की तो जीत-हार लेकिन जनसुराज पार्टी के लिए ये सीटे दशा और दिशा तय करेंगी। पहले चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के 14 मंत्रियों की किस्मत भी ईवीएम में कैद होगी।

## गांव में वोटिंग चुस्त शहरों में सुस्त

### बिहार की किस्मत बदलने का मौका

01 बजे तक हुई 42.31 फीसदी वोटिंग

**बिहार चुनाव 2025**

आज की वोटिंग ने यह साबित कर दिया कि जनता अब सिर्फ दर्शक नहीं बल्कि निर्णायक बन चुकी है। बिहार में इस बार सबसे बड़ी तस्वीर थी युवा मतदाताओं की उमंग और महिलाओं की भागीदारी। कई जिलों में पहली बार वोट डालने पहुंचे युवाओं ने कहा कि हम बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं जाति या जुमले के लिए नहीं। बिहार में आज सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लगीं। कुछ जगहों पर तकनीकी दिक्कतें रहीं लेकिन भीड़ ने हिमत नहीं हारी। गांवों में महिलाओं की वोटिंग प्रतिशत पुरुषों से अधिक रही। यह संकेत है कि बिहार की राजनीति अब चौखट से निकलकर चौपाल तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह ट्वीट कर कहा कि बिहार की जनता का उत्साह बताता है कि एनडीए को बहुमत मिलेगा। वहीं कांग्रेस और राजद ने मतदाताओं से बदलाव के लिए वोट करने की अपील की। तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव ने कहा कि यह मौका सिर्फ सरकार बदलने का नहीं बिहार की किस्मत बदलने का है।

### सेलेब्रिटी भी मैदान में उतरे

बिहार का चुनाव हमेशा से रंगमंच रहा है और इस बार इसमें खेसारी लाल यादव जैसे सितारे भी लोकतंत्र की भूमिका निभा रहे हैं। वोट डालने के बाद खेसारी लाल ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण करती है सिर्फ मंदिर जाकर मैं शिक्षक नहीं बनूंगा। यह बयान भीड़ में ताली नहीं सोच में ठहराव लाता है। वहीं रेखा गुप्ता और पुष्कर सिंह धामी जैसे नेताओं ने मतदाताओं से अपील की है कि सरकार चुनने के लिए नहीं बिहार के विकास के लिए वोट करें। यह वही संदेश है जो हर चुनाव में कहा जाता है।

### राजनीतिक विरासत की सार्वजनिक मोहर

पटना के वेटनरी कॉलेज बूथ पर जब लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव साथ दिखे,तो मीडिया में माहौल गरम हो गया। यह सिर्फ वोट डालने की तस्वीर नहीं थी यह पिता से बेटे को राजनीतिक विरासत की सार्वजनिक मोहर थी। इस मौके पर तेजस्वी ने कहा कि जनता इस बार हिसाब मांग रही है। अब वो किसी जुमले में नहीं फंसने वाली। उनका आत्मविश्वास इस बात का संकेत है कि महागठबंधन को जमीनी स्तर पर मजबूती महसूस हो रही है।









## युवाओं को चाहिए बदला बिहार

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में युवा मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। राज्य के कई जिलों में पहली बार वोट डालने पहुंचे युवाओं ने मतदान को गर्व जिमेदारी और बेहतर भविष्य की उमीद से जुड़ा क्षण बताया। पटना के एक बूथ पर पहली बार वोट देने वाली शीतल ने मतदान केंद्र से बाहर आते हुए कहा कि हां, यह मेरा पहला वोट है और वोट डालकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह मेरे लिए गर्व का पल है। सारण में पहली बार मतदान करने आए एक युवा मतदाता ने कहा कि वे इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले थोड़ा नर्वस था कि प्रक्रिया कैसे होगी लेकिन वोट डालने के बाद बहुत गर्व महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि बिहार के नेता शिक्षा और विकास पर ज्यादा ध्यान दें। बाहर के राज्यों में बिहार को असर गलत नजर से देखा जाता है अब इसे बदलना चाहिए। पहली बार वोट देने वाली मुजफरपुर की अमीदा ने कहा कि उन्होंने बिहार के विकास के लिए मतदान किया है।



# रोजगार के लिए युवा नेतृत्व को चुनें: अखिलेश

» सपा प्रमुख बोले- वोट चोरी और धांधली की संभावना चिंता की बात

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बिहार में रोजगार के लिए वोट का नारा बुलंद करते हुए तेजस्वी यादव को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर उनके चुनावी प्रदर्शन और किसानों-युवाओं के प्रति कथित विफलता को लेकर निशाना साधा, साथ ही बिहार में वोट चोरी और धांधली की संभावना पर चिंता व्यक्त की।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बिहार के लोगों से बड़ी संख्या में वोट डालने और राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव की युवा लीडरशिप को सपोर्ट करने की अपील की। नवादा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं बिहार के लोगों से अपील करना चाहूंगा कि वे बाहर निकलें, बड़ी संख्या में वोट करें, नौकरियों के लिए वोट करें और नई पीढ़ी के तेजस्वी को सपोर्ट करें। उन्होंने कहा, यह कोई नई बात नहीं है। आजकल, लोगों को अपना वोट सुरक्षित रखने और यह पक्का करने की जरूरत है कि वे इसे डालें। मैंने सुना है कि बिहार में भी लोगों को घर पर रहने और वोट न देने की हिदायत दी जा रही है। यही तरीका उत्तर प्रदेश में अपनाया गया था। इसलिए लोगों को अपना वोट बचाना होगा, उन्हें इसे कटने से बचाना होगा, फिर उन्हें यह पक्का करना चाहिए कि वे अपना वोट डालें।



## योगी पर भरोसा मत करो

अखिलेश यादव ने बिहार चुनाव प्रचार में आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, योगी पर भरोसा मत करो। योगी होने के बावजूद, वह हर बात पर झूठ बोलते हैं। जो लोग किसानों की मजदूरी नहीं दे सकते और युवाओं को नौकरी नहीं दे सकते, वे यहां वोट मांगने कैसे आते हैं? वे अभी यूपी में हारे, जहां लोगों ने उन्हें नकार दिया। इसलिए मैं कह रहा हूं, पहले वे अवध में हारे और अब मगध में भी ऐसा ही होगा। जनता नए तेजस्वी को स्वीकार कर रही है। उन्होंने आर्थिक असमानता पर भी बात की, यह कहते हुए कि आज टॉप 1 प्रतिशत लोगों की दौलत 62 प्रतिशत बढ़ गई है।

## सपा ने भाजपा को अवध में हराया बिहार की जनता मगध में हराएगी

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा समाजवादियों ने भाजपा को अयोध्या समेत अवध में हराया है। बिहार की जनता भाजपा को मगध में हराएगी। पूरे बिहार में इंडिया गठबंधन के पक्ष में बदलाव की बयार चल रही है, इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। नई सरकार में नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा। भाजपा ने किसानों व नौजवानों को धोखा दिया है। इस चुनाव में बिहार की जनता केंद्र की भाजपा सरकार के 20 वर्षों का हिसाब देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बिहार के बजट की लूट की है। बिहार से भाजपा का बंडलराज खत्म करना है।

## अखिलेश न तीन में न ही तेरह में, लट्ठ भांज रहे हैं: केशव प्रसाद मौर्य



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बीच यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का बिहार में कोई अस्तित्व नहीं है फिर भी वो बिना वजह ही यहां चुनाव प्रचार करते घूम रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सपा अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए पोस्ट किया, उन्होंने कहा- बिहार के चुनावी पर्व में सपा बहादुर अखिलेश यादव नाहक ही अपना लट्ठ भांज रहे हैं, हकीकत यह है कि इस चुनाव में उनकी सपा न तीन में है और न ही तेरह में और उनकी पार्टी के लिए दूर तक सूखा ही सूखा है।

# राजस्थान में चल रही है पर्ची की सरकार: जूली

» नेता प्रतिपक्ष ने भजन सरकार को घेरा

» बोले- मीटिंग-मीटिंग का खेला खेल रही है डबल इंजन की सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अजमेर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जनता की समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए केवल मीटिंगों का खेला खेल रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह पर्ची की सरकार है, जहां एक मीटिंग खत्म होने से पहले दूसरी मीटिंग बुला ली जाती है, लेकिन किसी भी निर्णय पर अमल नहीं होता।

सरकार केवल टाइम पास कर रही है, जबकि प्रदेश में आए दिन हादसे हो रहे हैं और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। जूली अजमेर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में पत्रकारों से औपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्रीगण केवल फोटो खिंचवाने और बयान देने में व्यस्त हैं, जबकि आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और अपराध की मार झेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव 2025 में अन्ता सीट पर कांग्रेस भारी मतों से विजयी होगी। जनता भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को भलीभांति पहचान चुकी है और अब सबक सिखाने के मूड में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन मजबूत है और कार्यकर्ता जोश में हैं, जनता का भरोसा कांग्रेस पर है। अजमेर प्रवास के दौरान नेता प्रतिपक्ष जूली ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इंदिरा देवी के आकस्मिक निधन पर उनके निवास स्थान पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और शोकग्रस्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# ममदानी की जीत अटूट प्रगतिशील सोच की जीत: महबूबा

» फारूक ने न्यूयॉर्क का महापौर चुने जाने पर बधाई दी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और विपक्षी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने न्यूयॉर्क शहर के महापौर चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने पर बुधवार को जोहरान ममदानी को बधाई दी।

नेशनल कांफ्रेंस द्वारा जारी एक बयान में अब्दुल्ला ने बढ़ते विभाजन के बीच ममदानी के अभियान को आशा की किरण बताया तथा विविधतापूर्ण परिवेश में एकता को बढ़ावा देने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया।पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा, 'जोहरान ममदानी की शानदार जीत महज एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि सामूहिक प्रगति का आह्वान है। उन्होंने कहा, '' ममदानी का चुनाव एकता और करुणा का संदेश देता है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम नफरत को खारिज करते हैं और मानवता को अपनाते हैं, तो हम ऐसे पुल बनाते हैं जो टिकाऊ होते हैं।''पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी नवनिर्वाचित महापौर को बधाई संदेश देते हुए कहा, ''न्यूयॉर्क शहर के 111वें और पहले मुस्लिम महापौर के रूप में जोहरान ममदानी को उनकी शानदार जीत पर बधाई। यह जीत न केवल एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, बल्कि फासीवाद, धनबल और इस्लामोफोबिया की गहरी जड़ें जमाए बैठी ताकतों के खिलाफ एक सशक्त कदम भी है। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि ममदानी की प्रगतिशील सोच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'घृणा' अभियान पर भारी पड़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने कहा, ''उनकी अटूट प्रगतिशील सोच और न्याय के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले आक्रामक घृणा अभियान पर विजय प्राप्त की है।



# राम सागर भारती कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव नियुक्त

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने राम सागर भारती को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। राम सागर भारती अपने चुनाव पर पार्टी के शीर्ष नेताओं को आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग कमेटी को उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों के तमाम विधानसभाओं को मजबूत करने का पूरा प्रयास करूंगा। श्री भारती ने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे साहब, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय , बाराबंकी के सांसद उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पूनिया को इस सम्मान को देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होने पार्टी को आगे ले जाने के संकल्प के साथ इंडियन नेशनल कांग्रेस, जय भीम,जय समाजवाद,जय भारत,जय कांग्रेस का नारा लगाते हुए एक बार फि रसभी दिग्गजों को धन्यवाद दिया।

# राहुल व कांग्रेस गुमराह कर रहे: नायब सिंह सैनी

» वोट चोरी के आरोपों पर सीएम का पलटवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। संसद में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने हरियाणा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए हैं। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर हरियाणा चुनाव के दौरान वोट चोरी का बड़ा आरोप लगाया है। राहुल ने दावा किया है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले 3.5 लाख वोटर्स का नाम काट दिए गए थे।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा- राहुल गांधी देश को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस ने देश को लगातार पीछे धकेलने का काम किया है। जिस तरह से कांग्रेस मुद्दा-विहीन हो गई है, वे झूठ बोलकर देश को गुमराह कर रहे हैं। कांग्रेस के पास न कोई मुद्दा है न कोई विषय है। कांग्रेस किसी काम को लेकर चर्चा करने के बजाय झूठ बोल रही है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार की चार पीढ़ियों ने देश पर शासन किया है। बावजूद इसके कांग्रेस पार्टी व राहुल बाबा को झूठ बोलना पड़ रहा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सीएम सैनी ने कहा कि आज गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व है। गुरु नानक देव जी ने कहा था कि ईमानदारी से काम करना और लोगों का उत्थान करना है। भाजपा वही कर रही है, लेकिन कांग्रेस देश को झूठ बोलकर गुमराह कर रही है। इस तरह का झूठ बोलकर लोग कांग्रेस के साथ कभी नहीं आएंगे। सीएम ने कहा कि अभी फिलहाल मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन समय आएगा तो मैं जरूर टिप्पणी करूंगा।

## बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी



# बिहार विस चुनाव : पहले चरण में दिग्गजों पर है दांव

## प्रचार का भोंपू बंद ईवीएम करेगा रजामंद

# चुनाव आयोग की तैयारी, सियासी दल भी डटे

» तेजस्वी, सम्राट, विजय सिन्हा, मैथिली ठाकुर खेसारी लाल यादव, तेज प्रताप यादव मैदान में


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। बिहार में पहले चरण का प्रचार थम चुका है। 121 सीटों पर 6 नवंबर अर्थात बृहपतिवार को मतदान हो रहा है सभी सियासी दलों की धड़कन बढ़ गई हैं। सभी सियासी दलों से मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पोलिंग बूथों पर जाने की अपील की है। 121 सीटों पर 3.75 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान। पिछली बार की करीबी टक्कर इस चरण को बेहद प्रतिस्पर्धी बनाती है। तेजस्वी यादव व 16 मंत्रियों सहित कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर है। यह चरण गठबंधनों की सत्ता की दिशा तय करेगा।

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। पहले चरण में 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। प्रचार अभियान की समाप्ति के साथ ही, प्रमुख गठबंधनों द्वारा पहले चरण के कड़े मुकाबले की तैयारी के साथ चुनाव प्रचार का भी समापन हो गया है। ये सीटें राज्य के नौ प्रशासनिक प्रभागों में से छह के अंतर्गत आती हैं। पहले चरण में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से पिछले चुनाव में जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 60 सीटें जीती थीं, जबकि महागठबंधन ने 61 सीटें जीती थीं। इस तरह पहले चरण में दोनों गठबंधनों के बीच कड़ा मुकाबला होगा। एनडीए के लिए इस चरण में बढ़त हासिल करना एक बड़ी चुनौती है। महागठबंधन के लिए अपने पिछले प्रदर्शन को बरकरार रखना या उससे बेहतर प्रदर्शन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा।

## पहले चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे



पहले चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, 1 करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए कुल 45,341 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें 45,324 मुख्य बूथ और 17 सहायक बूथ होंगे। पहले चरण में कई चर्चित उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद होगी।

## ऐतिहासिक जीत पक्की, 20 साल का रिकॉर्ड टूटेगा


विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा और वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। निर्वाचन आयोग ने शातिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग ने सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया है कि मतदान केंद्रों पर उत्सव जैसा माहौल बनाया जाए ताकि मतदाता बड़ी संख्या में मतदान के लिए आगे आएं। आयोग ने बूथ पर शत प्रतिशत वेबकास्टिंग, नई मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) की सुविधा और ईवीएम नेट ऐप के माध्यम से मतदान रिपोर्टिंग जैसे तकनीकी नवाचारों को लागू किया है। पहले चरण के लिए 121 सामान्य, 18 पुलिस और 33 व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन क्षेत्रों के लिहाज से दीघा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 4,57,657 मतदाता हैं, जबकि बरबीघा में सबसे कम 2,31,998 मतदाता पंजीकृत हैं। क्षेत्रफल के अनुसार बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र सबसे छोटा (16.239 वर्ग किलोमीटर) और सूर्यगढ़ा सबसे बड़ा (62.247 वर्ग किलोमीटर) है।

## पहले चरण के मतदान से पहले प्रशांत किशोर को जोर का झटका



बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला है। जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। संजय कुमार सिंह ने एनडीए प्रत्याशी कुमार प्रणय की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके इस कदम से मुंगेर के चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, संजय सिंह ने भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय के समर्थन में सक्रिय रूप से काम करने का भी ऐलान किया है। भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय ने संजय कुमार सिंह का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि उनके शामिल होने से भाजपा का संगठन और मजबूत होगा, और मुंगेर में एनडीए की जीत तय है। वहीं, राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मतदान से ठीक पहले हुए इस फेरबदल को भाजपा के लिए बड़ा चुनावी फायदा माना जा रहा है।

## छह विधानसभा सीट पर मतदान के समय में एक घंटे की कमी




निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर जिलों में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने छह विधानसभा सीट पर मतदान के समय में एक घंटे की कमी की है। इन 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इनमें सिमरी बख्तियारपुर (410 बूथ), महिषी (361 बूथ), तारापुर (412 बूथ), मुंगेर (404 बूथ), जमालपुर (492 बूथ) और सूर्यगढ़ा (56 बूथ) शामिल हैं। यह फैसला इन क्षेत्रों की संवेदनशीलता, प्रखंड मुख्यालय से दूरी और स्थानीय प्रशासन के सुझावों के आधार पर लिया गया है। बाकी 115 सीट के 43,206 बूथों पर मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा।

## कई दिग्गज हैं मैदान में

इनमें महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, लोकगायिका मैथिली ठाकुर, भोजपुरी फिल्म स्टार खेसारी लाल यादव, जनशक्ति जनता दल के तेज प्रताप यादव, जनता दल (यूनाइटेड) प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और भोला यादव शामिल हैं। अलीनगर सीट पर भी सबकी नजर है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकगायिका मैथिली ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विनोद मिश्रा से है। वहीं, हाल ही में मोकामा में दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में गिरफ्तार जद(यू) प्रत्याशी अनंत सिंह की किस्मत का फैसला भी इसी चरण में होना है। पहले चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के 16 मंत्रियों की किस्मत भी ईवीएम में कैद होगी। इनमें भाजपा के 11 और जद(यू) के 5 मंत्री शामिल हैं।

# कई वीआईपी सीटों पर नजर

भाजपा कोटे से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे (सीवान), बांकीपुर से नितिन नवीन, तारापुर से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लखीसराय से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, दरभंगा के जाले से नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा, दरभंगा शहरी से राजस्व मंत्री संजय सरावगी, कुढ़नी से पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, साहेबगंज से पर्यटन मंत्री राजू कुमार, अमनौर से सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, बिहारशरीफ से पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार और बछवाड़ा से खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता चुनाव मैदान में हैं। वहीं, जद(यू) के पांच मंत्रियों में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी (सराय रंजन), नालंदा से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, बहादुरपुर से समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, कल्याणपुर से सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी और सोनबरसा से मंत्री रत्नेश सदा शामिल हैं। गठबंधनों की बात करें तो पहले चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से जद(यू) के 57, भाजपा के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 2



उम्मीदवार मैदान में हैं। महागठबंधन की ओर से राजद के 71, कांग्रेस के 24 और वाम दलों के 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) छह-छह सीट पर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) तीन सीट पर और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) दो सीट पर चुनाव लड़ रही है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के 118 उम्मीदवार भी इस चरण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# कब लोग रोकेंगे सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग

**सरकार और समाज को मिलकर जागरूकता अभियान चलाने प्रतिबंध लागू करने और रीसाइक्लिंग ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण से गंदगी फैल रही है। नगर परिषद और निगमों को निर्माण, भंडारण व वितरण पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से कपड़े के थैले बांटे जाएं और लोग स्वयं से प्लास्टिक का बहिष्कार करें।**

*प्रदूषण बढ़ते ही उसके कारकों व उससे बचने के उपायों पर चर्चा तेज हो जाती है। वायु में धुंए के बढ़ना एक कारण है। उसमें भी पराली जलाने की चर्चा खूब होती है। लेकिन एक और खतरनाक चीज है प्लास्टिक। शहरों में इसका प्रयोग खूब होता है। बाद में इसे सड़कों पर फेंक दिया जाता है और फिर इसे जला दिया जाता है जिसकी वजह से शहरी प्रदूषण बढ़ता है। अभी सभी को इस सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल को रोकने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक के लिए कपड़े या जूट के थैले, दोबारा इस्तेमाल होने वाली बोतलें और धातु या बांस के कटलरी अपनानी चाहिए। सरकार और समाज को मिलकर जागरूकता अभियान चलाने, प्रतिबंध लागू करने और रीसाइक्लिंग ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण से गंदगी फैल रही है। नगर परिषद और निगमों को निर्माण, भंडारण व वितरण पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से कपड़े के थैले बांटे जाएं और लोग स्वयं से प्लास्टिक का बहिष्कार करें।*

*मौसमी चक्र में आ रहा यह अप्रत्याशित बदलाव जलवायु परिवर्तन का संकेत तो है ही, जिसके चलते देश को पिछले दिनों जरूरत से ज्यादा बारिश या कम समय में अत्यधिक बारिश का सामना करना पड़ा है। इस भीषण बारिश के चलते जहां देश के अधिकांश हिस्से बाढ़ और जलभराव की समस्या से जूझने को विवश हुए, वहीं वर्षा जलजनित दुश्वारियों से भी बेहाल दिखे। वह बात दीगर है कि बारिश के भीषण कहर से देश के मैदानी इलाके भी अछूते नहीं रह सके। मैदान में लगातार बारिश का कहर इसी का नतीजा रहा। इस बार तो आफत की बारिश की मार ने राजस्थान तक को नहीं बख्शा। दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, हरियाणा में चक्रवाती स्थितियां, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र ने हालत को और विषम बना दिया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक के लिए लोगों को जूट के थैले अपनाने और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों की ओर बढ़ने को प्रेरित किया जाए। प्लास्टिक बैंक जैसी योजनाएं व नो प्लास्टिक सर्टिफिकेट से दुकानों को प्रोत्साहन मिले तो बदलाव संभव है। एकल उपयोग प्लास्टिक पर्यावरण के लिए खतरा है। इसके उत्पादन पर प्रतिबंध लगे और जैविक पैकेजिंग को बढ़ावा मिले। समाज को कपड़े, धातु और कागज के विकल्प अपनाने चाहिए ताकि हम स्वच्छ और प्लास्टिक-मुक्त भारत बना सकें। उम्मीद की जानी चाहिए की सरकारों के साथ आम आदमी ऐसा कदम उठाए कि प्रदूषण पर कुछ रोक लग सके।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# हैवी लिफ्ट अंतरिक्ष प्रक्षेपण के दरवाजे खुले

प्रमोद जोशी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो ने 2 नवंबर को, भारतीय नौसेना के लिए जीसैट-7आर का प्रक्षेपण करके अपनी दक्षता को एक बार फिर से साबित किया है। दक्षता इसलिए क्योंकि देश के सबसे शक्तिशाली रॉकेट लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (एलवीएम-3 का इसमें इस्तेमाल हुआ था, जिसकी भार वहन क्षमता मोटे तौर पर 4000 किलोग्राम की थी, पर उसने जिस उपग्रह का प्रक्षेपण किया, उसका भार 4,410 किलोग्राम था। भारतीय धरती से प्रक्षेपित यह अब तक का सबसे भारी संचार उपग्रह है। सीएमएस-03 (जीसैट-7आर सैन्य संचार उपग्रह है, जिसका वित्तपोषण पूरी तरह से रक्षा मंत्रालय ने किया है। इसे हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित, मल्टी-बैंड संचार लिंक प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के उपयोग के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। यह उपग्रह पोतों, पनडुब्बियों और विमानों के बीच आवाज, डेटा और वीडियो लिंक के लिए संचार नेटवर्क का काम करेगा। मुख्य मिशन के रूप में इसका काम समुद्री सुरक्षा और निगरानी है।

यह पुराने जीसैट-7 (रुक्मिणी) की जगह लेगा, जो 2013 से सेवा में है। जीसैट-7 और जीसैट-7ए देश के समर्पित सैन्य संचार उपग्रह हैं। दिसंबर 2018 में प्रक्षेपित जीसैट-7ए, मुख्यत: वायुसेना के लिए डिजाइन किया गया है। थलसेना आंशिक रूप से इसकी लगभग 30 प्रतिशत क्षमता का उपयोग करती है। हमारे संचार उपग्रह अपेक्षाकृत भारी होते हैं। इसरो की कोशिश होती है कि एक ही उपग्रह में व्यापक कवरेज, उच्च शक्ति और लंबी सेवा अवधि का मेल हो। पूरे देश और आसपास के समुद्रों की कवरेज के लिए, संचार पेलोड को कई आवृत्ति बैंडों में कई चैनलों की आवश्यकता होती है। इसके लिए कई बड़े एंटेना, उच्च-शक्ति एम्प्लीफायर, वेवगाइड, फिल्टर, स्विच कई एनालॉग ट्रांसपोंडरों या लचीले डिजिटल प्रोसेसर की आवश्यकता होती है। करीब 12 से 15 साल तक कई किलोवाट बिजली की आपूर्ति के लिए, उपग्रहों में बड़े सौर पैनल, पर्याप्त बड़ी बैटरियां और पावर कंडीशनिंग इकाइयां होती हैं।

इस वजह से वजन बढ़ता है। चार हजार किलोग्राम से अधिक वजन वाला जीसैट-7आर इसरो का यह पहला उपग्रह है, जिसे देश की धरती से दूरस्थ भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा में स्थापित किया गया है। इस प्रक्षेपण ने उस बाधा को तोड़ा, जो अपने प्रक्षेपकों



की मदद से भारी उपग्रहों के प्रक्षेपण से हमें रोकती थी। पिछले साल 19 नवंबर को एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के फैल्कन-9 रॉकेट का उपयोग करके इसरो ने जब जीसैट-एन2 या जीसैट-20 का प्रक्षेपण किया, तब उस बाधा का उल्लेख भारतीय मीडिया में हुआ था। भारत ने हालांकि 430 से अधिक विदेशी उपग्रहों को लॉन्च किया है, लेकिन जीसैट-20 इतना भारी था कि भारतीय प्रक्षेपण यान इसे अंतरिक्ष में ले जाने में असमर्थ थे। इस कारण इसरो को स्पेसएक्स के साथ साझेदारी करनी पड़ी। हमारे पास 4700 किलोग्राम के उस उपग्रह के प्रक्षेपण लायक रॉकेट नहीं है। स्पेसएक्स का फैल्कन-9 रॉकेट 8,300 किलोग्राम तक के पेलोड को संभाल सकता है। भारत का रॉकेट 'द बाहुबली' या एलएमवी-3 अधिकतम 4000 से 4100 किलोग्राम तक के वजन को जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ तक ले जा सकता है। बहरहाल यह उपलब्धि जरूर है कि हमने 4000 किलोग्राम वजन की क्षमता वाले रॉकेट से 4410 किलोग्राम के उपग्रह का प्रक्षेपण करने में सफलता हासिल कर ली। ऐसा करने के लिए रॉकेट के इंजन में कुछ परिवर्तन किए गए और उपग्रह को अपेक्षाकृत निचली कक्षा में स्थापित किया गया, जहां से वह अपने थ्रस्ट इंजन की सहायता से निर्धारित भूस्थिर कक्षा में चला जाएगा। इसरो को भारी प्रक्षेपण-यान (एचएलवी विकसित करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जो वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में इसकी क्षमताओं को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है। इसरो को संसाधनों और उन्नत इंजन प्रौद्योगिकी, दोनों की जरूरत है। इसरो ने सेमी-क्रायोजेनिक इंजन पर पूरी तरह से महारत हासिल नहीं की है, जो भारी-भरकम क्षमता के लिए आवश्यक है।

हमारा एलएमवी-3, भारी वाहनों के अंतरराष्ट्रीय मानकों से कम है और इसकी पेलोड क्षमता चीन के लॉन्ग मार्च-5 जैसे तुलनीय रॉकेटों की एक तिहाई से भी कम है। इसरो को उच्च-थ्रस्ट वेरिएंट और उन्नत इंजन की जरूरत है। इसरो का ऐतिहासिक दृष्टिकोण धीमी गति से विकास करने का रहा है, पर अब व्यावसायिक कारणों से परिस्थिति बदली है। नए रॉकेटों के लिए विकास में आमतौर पर दस साल से अधिक का समय लगता है और पर्याप्त निवेश की आवश्यकता भी होती है। इसके लिए घरेलू मांग भी अपर्याप्त है।

# नाम लेने के साथ जीवन में उतारें गुरु नानक का दर्शन

इकबाल सिंह शांत



श्री गुरु नानक देव जी की वाणी और उपदेशों का स्मरण करते ही उनकी प्रासंगिकता आज सैकड़ों वर्षों बाद भी उतनी ही प्रतीत होती है। हजारों सालों बाद भी उनकी बाणी मानवता के लिए विकास और सच्चाई का अमिट संदेश बनी रहेगी। हममें से असंख्य लोग स्वयं को नानक नाम लेने वाला मानते हैं, बताते हैं और उस पर गर्व करते हैं। ज्यादातर घरों, दफ्तरों और दुकानों में बाबा गुरु नानक की तस्वीरें सजी हैं। हजारों लोग गुरबाणी नितनेम करते हैं, और गुरुपर्वों के अवसर पर प्रभात फेरियां व नगरकीर्तन निकालते हैं। इसके बावजूद हर गुरुपर्व पर मन में एक सवाल उठता है कि क्या हम सचमुच बाबा नानक की राह पर एक कदम भी चल रहे हैं? क्या हमारे आचरण में उनके उपदेशों की झलक है या हम सिर्फ पवित्र अवसर पर उनका नाम लेकर अंत:करण को तसल्ली देते हैं? सच्चाई यह है कि अधिकतर लोग न तो पूरी तरह ईमानदार हैं, न मेहनती और न ही सच्चे देशभक्त।

बड़ी तादाद ऐसे लोगों की है जो केवल 'जुगाड़' के रास्ते को ही अपना धर्म मान बैठे। हमने गुरु नानक के नाम का उपयोग तो खूब किया, पर उनके सिद्धांतों को अपनाया कभी नहीं। न उनके विचारों को, न उनके श्रम और सच्चाई आधारित दर्शन को समझने की कोशिश की। हमने उन्हें अपनी जरूरत मुताबिक इस्तेमाल किया और शायद यह आगे भी जारी रहे। आज हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहां धर्म और राजनीति दोनों ही व्यापार बन चुके हैं। रिश्ते और मर्यादाएं भी अब सौदे का रूप ले चुकी हैं। लोगों ने बाबा नानक के 'सच्चे सौदे' को भुला दिया है। वह सौदा जिसमें सच्चाई, मेहनत और साझेदारी का मुनाफा था, जिसे उन्होंने 'तेरा तेरा' कहकर बिना मोल-तोल दिया था। दु:खद है, आज बाबा नानक की बाणी केवल गुरुद्वारों के स्पीकरों तक सीमित रह गई। उसका अमल जीवन में कहीं नहीं दिखता, केवल उच्चारण रह गया। लोकतंत्र के नाम पर एक नई किस्म की गुलामी पैदा हो गई। जहां हाथ मेहनत के लिए नहीं, बल्कि मुफ्त सुविधाओं के लिए फैलते हैं।

अक्सर मन में विचार आता है कि हमारे चरित्र की समानता अकाल पुरख की उस पवित्र आत्मा के किस पक्ष से मेल खाती है, जिन्होंने दुनिया में हजारों किलोमीटर पैदल चलकर चार उदासियां कीं। अंधविश्वासों, अज्ञान में डूबी मानवता को बाहर निकालने के लिए उन्होंने स्वयं कठोर अनुभव किए। गुरु नानक देव ने अपनी उदासियों के दौरान संसार के हालात निकट से देखे और जीवन के अंतिम वर्षों में लगभग बीस वर्ष अपने हाथों से खेती की, ताकि समाज को दिखा सकें कि सच्ची इबादत कर्म में है। गुरु नानक देव ने एक अमर संदेश दिया 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको।' इस संदेश को आधुनिक दृष्टिकोण से देखें तो यह मनुष्य की अर्थव्यवस्था, मानसिक शांति, शारीरिक सेहत और सामाजिक संतुलन, सबसे जुड़ा है। इसमें भाई लालो की सच्ची व ईमानदारी से कमाई रोजी-रोटी की झलक साफ दिखती है। कड़वा सत्य यह कि आज के लोकतांत्रिक 'माई-बाप' शासन तंत्र और सामाजिक ढांचा हर व्यक्ति और परिवार को मानसिक व आर्थिक रूप से कमजोर बनाकर भाई मलिक भागो की हवेली की ओर धकेल रहे हैं।

उस हवेली में रंगीन जीवन और सोने-चांदी की चमक तो है, लेकिन आत्मा की शांति नहीं। मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन और विभिन्न सुविधाओं का लालच देकर आमजन को गुरु नानक साहिब के दर्शन से दूर किया जा रहा है। यह सियासी मलिक भागो की साजिश है, जो समाज को शारीरिक-आत्मिक दृष्टि से कमजोर बनाकर अपने काबू में रखना चाहते हैं। आज यह भी बड़ी साजिश है कि बाजारों से गुरु नानक साहिब की खेती करते हुए तस्वीरें तक अलोप हो रही हैं। सरकारें जनकल्याण की भावना से हटकर केवल टैक्स, मुनाफे और सत्ता तक सीमित हो गई हैं। बाजारों में मिलावटखोरी और दोयम दर्जा चीजों का जाल इतना फैल चुका है कि हाल ही में मध्य प्रदेश में खांसी की दवा पीने से 22 बच्चों की मौत हो गई, क्योंकि उसमें पेंट बनाने वाला रासायनिक पदार्थ 'प्रोपाइलीन ग्लाइकॉल' मिला था। यह केवल कानूनी गलती नहीं, बल्कि सामाजिक पतन का उदाहरण है, जहां इंसान भाई लालो की सच्ची रोटी छोड़ मलिक भागो की दौलत के लोभ में जिंदगियों से खेल रहा है। बाबा नानक ने ऐसी सोच के विरोध में कहा था 'कूड़ कमाइ कपड़ा पाए, तिना भी अंदर कूड़ समाए।'

माना जाता है कि 'भूखे पेट की भूख अच्छे भोजन से मिट सकती है, पर पैसे के भूखे की भूख कभी नहीं मिटती।' यही बात बाबा नानक ने सदियों पहले कही थी कि 'संतोष, सच्चाई और साझेदारी ही जीवन के सच्चे गहने हैं।' अगर बड़े व्यवसायियों को बेहद सस्ती दरों पर 25-50 सालों के पट्टों पर जमीनें दी जा रही हैं, दूसरी ओर भाई लालो जैसे मेहनतकश किसानों की जमीनें जबरन खरीदी जा रही हैं तो ये सब आधुनिक मलिक भागोओं की वंश बेल बढ़ाने की नीतियां हैं। ऐसे ही हालात देख सैकड़ों वर्ष पहले बाबा नानक ने कहा था 'कूड़ु राजा कूड़ु परजा, कूड़ु सब संसार।' आज भी कई नेता खुद को धर्मनिष्ठ और भाई लालो जैसा विनम्र दिखाते हैं, पर जैसे ही सत्ता मिलती है, उनमें मलिक भागो की प्रवृत्तियां आ जाती हैं। गुरु नानक देव जी के गुरुपर्व के अवसर पर जहां सरकारों को उनके फलसफे को व्यवहार में लाना चाहिए वहीं हरेक युवा, बच्चे, बुजुर्ग और महिला को श्रम भाव 'किरत' का अर्थ समझाना चाहिए, ताकि समाज आत्मनिर्भर बने और भाई लालो की परंपरा के वंशज गुरु नानक साहिब के सिद्धांतों पर चलकर सुखी-समृद्ध जीवन जी सकें।

# आंवले का पानी

## पीने से दूर होती हैं कई बड़ी समस्याएं

आंवला को आयुर्वेद में एक चमत्कारिक फल माना जाता है, जिसे अमृत फल भी कहते हैं। रोज सुबह खाली पेट एक गिलास आंवले का पानी पीना आपकी सेहत और सुंदरता के लिए सबसे सरल और शक्तिशाली उपाय है। आंवला विटामिन-सी का सबसे बड़ा प्राकृतिक स्रोत है, जो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को तेजी से बढ़ाता है और शरीर को मौसमी संक्रमणों से बचाता है। इसका नियमित सेवन करने से शरीर टॉक्सिन्स को बाहर निकालकर नेचुरल रूप से डिटॉक्स करता है। यह एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं और त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करते हैं। आंवले का पानी न सिर्फ आपकी अंदरूनी सेहत को मजबूत करता है, बल्कि यह आपके बालों को जड़ से मजबूती देने और उन्हें समय से पहले सफेद होने से रोकने में भी मदद करता है। आंवले का पानी बनाने के लिए 1-2 ताजे आंवले को पीसकर उसका रस निकाल लें और इस रस को एक गिलास गुनगुने पानी में मिला लें।





### पाचन और मेटाबॉलिज्म में सुधार

सुबह आंवले का पानी पीने से आपका पाचन तंत्र तुरंत सक्रिय हो जाता है। यह आंतों की सफाई करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। इसके अलावा, यह आपके मेटाबॉलिज्म को भी तेज करता है, जो पूरे दिन कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया में मदद करता है। इस तरह यह जूंस वजन नियंत्रण में सहायक होता है और पेट संबंधी समस्याओं को दूर रखता है।

### सेवन का सही तरीका और लाभ

आंवले का पूरा लाभ लेने के लिए सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। आप एक चम्मच आंवले का रस (या दो चम्मच जूस) एक गिलास गुनगुने पानी में मिलाकर पी सकते हैं। स्वाद के लिए इसमें शहद या काला नमक मिलाया जा सकता है। इसके नियमित सेवन से न केवल आप तरोताजा महसूस करेंगे, बल्कि आपकी इम्यूनिटी भी मजबूत बनी रहेगी।



## बालों को मिलती है अंदरूनी मजबूती

आंवले का पानी बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। यह कोलेजन उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे बाल तेजी से बढ़ते हैं और उनमें चमक आती है। यह समय से पहले बालों के सफेद होने की समस्या को भी कम करने में मदद करता है।



### ब्लड शुगर और हृदय स्वास्थ्य

आंवले का पानी ब्लड शुगर के लेवल को नियंत्रित रखने में सहायक माना जाता है। इसमें मौजूद क्रोमियम इंसुलिन संवेदनशीलता को बेहतर बनाता है। यह बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करके हृदय स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचाता है। रोजाना इसे पीने से नसें साफ रहती हैं और हृदय पर दबाव कम होता है।



## हंसना मना है

एक शराबी ने दोस्तों के साथ पार्टी का प्रोग्राम बनाया और अपने ही घर से रात को बकरा चोरी किया और खूब दावत की। सुबह जब घर पहुंचा तो बकरा घर पर ही खड़ा था। शराबी ने अपनी बीवी से पूछा- बकरा कहां से आया? बीवी (गुस्से में)-बकरे को गोली मारो, रात से अपना कुत्ता गायब है।

पति-पत्नी का एक घंटे से चल रहा झगड़ा पति के द्वारा बोली गई सिर्फ एक लाइन में खत्म हो गया... और वो लाइन थी...सुंदर हो तो कुछ भी बोलोगी क्या?

पत्नी: सुनो जी, अगर मैं वक्त होती तो शायद सबको मेरी बहुत ज्यादा कद्र होती ना? पति: हां प्रियतम, तुम्हारा खौफ होता चारों तरफ। पत्नी: खौफ क्यों होता? पति: अरे, तुम्हें देखते ही लोग सहम जाते और कहते देखो बुरा वक्त आ रहा है।

पति: आज ये रोटियां जली हुई कैसी हैं? पत्नी: क्योंकि मैं आजकल खूबसूरत होती जा रही हूं। पति: तुम्हारे खूबसूरत होने से रोटी जलने का क्या लेना-देना है? पत्नी: रोटियां भी मेरी खूबसूरती को देखकर जलने लगी हैं।

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया। पंडित: तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है। चिंटू: वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करूं। पंडित बेहोश।

## कहानी — मूर्खमंडली

एक पर्वतीय प्रदेश के महाकाय वृक्ष पर सिन्धुक नाम का एक पक्षी रहता था। उसकी विष्ठा में स्वर्ण-कण होते थे। एक दिन एक व्याध उधर से गुजर रहा था। व्याध को उसकी विष्ठा के स्वर्णमयी होने का ज्ञान नहीं था। इससे सम्भव था कि व्याध उसकी उपेक्षा करके आगे निकल जाता। किन्तु मूर्ख सिन्धुक पक्षी ने वृक्ष के ऊपर से व्याध के सामने ही स्वर्ण-कण-पूर्ण विष्ठा कर दी। उसे देख व्याध ने वृक्ष पर जाल फैला दिया और स्वर्ण के लोभ से उसे पकड़ लिया। उसे पकड़कर व्याध अपने घर ले आया। वहाँ उसे पिंजरे में रख लिया। लेकिन, दूसरे ही दिन उसे यह डर सताने लगा कि कहीं कोई आदमी पक्षी की विष्ठा के स्वर्णमय होने की बात राजा को बता देगा तो उसे राजा के सम्मुख दरबार में पेश होना पड़ेगा। संभव है राजा उसे दण्ड भी दे। इस भय से उसने स्वयं राजा के सामने पक्षी को पेश कर दिया। राजा ने पक्षी को पूरी सावधानी के साथ रखने की आज्ञा निकाल दी। किन्तु राजा के मन्त्री ने राजा को सलाह दी कि, इस व्याध की मूर्खतापूर्ण बात पर विश्वास करके उपहास का पात्र न बनो। कभी कोई पक्षी भी स्वर्ण-मयी विष्ठा दे सकता है ? इसे छोड़ दीजिये। राजा ने मन्त्री की सलाह मानकर उसे छोड़ दिया। जाते हुए वह राज्य के प्रवेश-द्वार पर बैठकर फिर स्वर्णमयी विष्ठा कर गया और जाते-जाते कहता गया-पूर्वं तावदहं मूर्खो द्वितीयः पाशबन्धकः। ततो राजा च मन्त्रि च सर्वं वै मूर्खमण्डलम् ॥ अर्थात् पहले तो मैं ही मूर्ख था, जिसने व्याध के सामने विष्ठा की, फिर व्याध ने मूर्खता दिखलाई जो व्यर्थ ही मुझे राजा के सामने ले गया, उसके बाद राजा और मन्त्री भी मूर्खों के सरताज निकले। इस राज्य में सब मूर्ख-मंडल ही एकत्र हुआ है।

## 10 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। आर्थिक समस्या रह सकती है। नए कामों में सफलता मिलेगी।

**तुला**



राजकीय सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। थकान रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद से बचें। नए कार्यों में लाभ होने की संभावना है।

**वृषभ**



शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। थकान रहेगी। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा। रुका पैसा प्राप्त होने के योग हैं।

**वृश्चिक**



पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। दिन प्रतिकूल रह सकता है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**



पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबरें मिलेंगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा।

**धनु**



रोजगार में वृद्धि होगी। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। प्रमाद से बचें। दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है।

**कर्क**



योजना फलीभूत होगी। घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं। कार्यसिद्धि होगी।

**मकर**



रुके कार्य पूर्ण होंगे। मेहनत सफल रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा।

**सिंह**



राजकीय सहयोग मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कुम्भ**



बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। जोखिम न लें। आवास संबंधी समस्या रहेगी। रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा।

**कन्या**



फालतू खर्च होगा। तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी।


**मीन**



आर्थिक उन्नति के लिए नई नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं, प्रयास करते रहें। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें।

बॉलीवुड | मन की बात

# शानदार फिल्म बनी है, फिल्म 120 बहादुर : जावेद अख्तर



फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 120 बहादुर को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म को उन्होंने बड़ी शिद्दत से बनाया है। यह 1962 में रेजांग ला में भारत और चीन के बीच हुई जंग पर आधारित है, जिसमें भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान की सच्ची कहानी दिखाई गई है। हाल ही में फिल्म का एल्बम लॉन्च इवेंट भव्य स्तर पर आयोजित हुआ। यहां जावेद अख्तर ने कहा कि यह फिल्म बहुत ही शानदार बनी है। फिल्म के एल्बम लॉन्च इवेंट में जावेद अख्तर भी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने फिल्म का रिव्यू किया। बेटे की फिल्म को लेकर जावेद अख्तर ने कहा कि मुझे यह स्वीकार करना पड़ेगा कि यह फिल्म उन्होंने बहुत ही अच्छी बनाई है। जावेद अख्तर ने फिल्म के निर्देशक और निर्माता फरहान अख्तर व रितेश सिधवानी को बधाई दी। उन्होंने कहा, आमतौर पर मैं आलोचक हूं और वे मुझसे ज्यादा खुश नहीं रहते। मगर, इस बार मुझे मानना पड़ेगा कि फिल्म कमाल की बनी है। जावेद अख्तर ने फिल्म को अविश्वसनीय बताया। उन्होंने आगे कहा, इस फिल्म की कहानी पर विश्वास करने का एकमात्र कारण यह है कि ऐसा वास्तव में हुआ था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी रजनीश घई ने अदा की है। इस फिल्म में राशि खन्ना लीड रोल अदा कर रही हैं। एल्बम लॉन्च इवेंट में वे भी मौजूद रहीं। वे 120 बहादुर में एक आर्मी मैन की पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में काम करने और अपने किरदार को लेकर उन्होंने कहा, मैं बहुत खुशनसीब हूं कि इस फिल्म का हिस्सा बनीं। आर्मी वाइफ का रोल काफी चैलेंजिंग था। फिल्म की सीन जिस गहराई के साथ लिखे गए हैं, वह बहुत इमोशनल करने वाले हैं। फरहान सर का शुक्रिया, उनके सपोर्ट के बिना यह रोल अदा करना मुश्किल होता।

# 28 नवम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी 'गुस्ताख इश्क'

बॉलीवुड | मसाला

भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। वह फिल्म गुस्ताख इश्क से प्रोडक्शन में डेब्यू कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं।

गुस्ताख इश्क के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। विजय वर्मा की अदाकारी वाली यह फिल्म अब 28 नवंबर, 2025 को रिलीज होगी। पहले यह 21 नवंबर 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है। पोस्ट में लिखा है अपने कैलेंडर में इस तारीख को नोट कर लें। आप लोगों के लिए इश्क को नई रिलीज डेट मिली है। गुस्ताख इश्क अब 28 नवंबर को रिलीज होगी।फिल्म का टीजर इस साल अगस्त में रिलीज किया गया था। टीजर में एक ऐतिहासिक प्रेम कहानी की झलक दिखी थी। यह प्रेम कहानी विजय वर्मा और फातिमा सना शेख के किरदारों के बीच पनपती है। टीजर में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। फिल्म का निर्माण मनीष मल्होत्रा के भाई दिनेश मल्होत्रा ने स्टेज 5 प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। इसमें संगीत विशाल भारद्वाज का है। फिल्म में विजय वर्मा, फातिमा सना शेख और नसीरुद्दीन शाह के अलावा शारिब हाशमी भी हैं।



# अरबाज खान की हॉरर फिल्म 'काल त्रिघोरी' का ट्रेलर जारी

इन दिनों दर्शक हॉरर फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर फिल्म थामा को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। ऐसे में जल्द ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म काल त्रिघोरी रिलीज होने वाली है। ट्रेलर रिलीज किया गया है जो काफी दमदार और डरावना है। ट्रेलर में अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव अभिनय करते नजर आए हैं।

मेकर्स ने आज काल त्रिघोरी का ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर में डरावनी आवाज सुनाई देती है, गुड़िया, हवेली और काली बिल्ली के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रेलर में कलाकार एक दूसरे से इस बात पर बहस करते हैं कि आत्माएं होती हैं या नहीं। कोई कहता है आत्माएं होती हैं तो कोई उनके वजूद को मानने के लिए तैयार नहीं होता है। फिल्म काल त्रिघोरी का ट्रेलर तो दमदार है ही, इसके साथ इसके संवाद भी दमदार और डराने वाले हैं। ट्रेलर के संवाद कुछ इस तरह हैं काल त्रिघोरी 100 साल में आता है। बिल्ली आत्मा देख लेती है। ये भूत-प्रेत, जादू-टोना क्या सब सच है? मुझे मालूम है तू यह सब मानता नहीं है, आत्माएं होती हैं। मैं उस आत्मा को यहां बुलाउंगा। हवेली के ऊपर किसी बुरी आत्मा का साया है। ट्रेलर में ही बताया गया है कि फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म के निर्देशक नितिन वैद्य हैं और वही इसके लेखक भी हैं। इसके निर्देशक शिरीष वैद्य, नितिन घटालिया और मानसुख तलसानिया हैं। फिल्म में राजेश शर्मा, मुग्धा गोडसे और अन्य कलाकार भी होंगे। इसमें दर्शकों को सस्पेंस और हॉरर का डोज मिलेगा। दर्शक अरबाज खान की वापसी को लेकर उत्साहित हैं।



अजब-गजब | यहां किन्नर पैदा होना है अभिशाप

# यहां 15 साल तक पाल-पोसकर अपने बच्चे को बड़ा करते हैं, फिर कर देते हैं किन्नर समुदाय के हवाले

दुनिया की कई संस्कृतियों में लिंग विविधता को सम्मान दिया जाता है, लेकिन कुछ जगहों पर यह अभिशाप बन जाता है। खासकर भारत की आदिवासी जनजातियों में हिजड़ा या ट्रांसजेंडर बच्चे का जन्म परिवार के लिए कलंक माना जाता है। माता-पिता इन्हें 15 साल तक प्यार से पाल-पोसते हैं, लेकिन उसके बाद एक क्रूर रिवाज के तहत इन्हें हिजड़ा समुदाय के हवाले कर देते हैं।


वहां से इनका नया जीवन शुरू होता है, जो रस्मों, गुरु-चेला व्यवस्था और कभी-कभी दर्दनाक नि:शुल्कीकरण से भरा होता है ट्रांसजेंडर समुदाय दक्षिण एशिया की प्राचीन तीसरी लिंग पहचान है, जिसका उल्लेख महाभारत और कामसूत्र जैसे ग्रंथों में मिलता है। हिंदू पौराणिक कथाओं में अरावन की कहानी से हिजड़ों को आशीर्वाद देने की शक्ति मिली। लेकिन आदिवासी इलाकों में, जैसे कि कुछ उत्तर भारत या पूर्वोत्तर की जनजातियों में, इनके जन्म को अभिशाप माना जाता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं ट्राइबल इलाकों में इनके साथ आखिरकार क्या किया जाता है।



वायरल वीडियो के अनुसार, इन जनजातियों में बच्चे को 12-15 साल तक परिवार में रखा जाता है। इस दौरान वे सामान्य लड़के की तरह रहते हैं, लेकिन लक्षण दिखते ही परिवार दबाव में आ जाता है। यह परिवार का कलंक है, समाज देखेगा तो बदनामी होगी, एक पूर्व हिजड़ा सदस्य ने अपनी स्टोरी शेयर की। वीडियो में दिखाया गया कि 15 साल की उम्र में बच्चे को हिजड़ा गुरु को सौंप दिया जाता है। यह रिवाज गुरु-चेला प्रथा पर आधारित है, जहां गुरु मां-बाप की भूमिका निभाती है। चेला को हिजड़ा घराने में शामिल किया जाता है, जहां साड़ी पहनना, मेकअप और नृत्य सिखाया जाता है। कई मामलों में नि:शुल्कीकरण (कैस्ट्रेशन) की रस्म होती है, जो बिना एनेस्थीसिया के की जाती है।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 4 लाख से ज्यादा हिजड़े हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत गरीबी और भेदभाव का शिकार हैं। यह परंपरा ब्रिटिश काल से और जटिल हो गई है। 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट ने हिजड़ों को अपराधी घोषित कर दिया, जिससे वे मुख्यधारा से कट गए। आजादी के बाद भी बदलाव धीमा रहा। लेकिन 2014 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने ट्रांसजेंडर को तीसरा लिंग मान्यता दी, जिससे शिक्षा, नौकरी और कल्याण योजनाओं में कोटा मिला। केरल जैसे राज्यों में सरकारी अस्पतालों में सेक्स चेंज सर्जरी मुफ्त है। फिर भी, आदिवासी इलाकों में यह रिवाज बरकरार है। एक स्टडी के अनुसार, हिजड़ा समुदाय में एचआईवी दर 17-41प्रतिशत है, क्योंकि सेक्स वर्क और भेदभाव से मजबूरन ऐसा होता है। सोशल मीडिया ने इस मुद्दे को आवाज दी।

# बीएमडब्ल्यू से भी महंगा है गजेंद्र रेडा! कीमत सुनकर घूम जाता है सिर



सांगली में चल रही 'यशवंत कृषि प्रदर्शनी' में इस बार सबकी नज़रें एक ही चीज़ पर टिकी थीं, हिंद केसरी गजेंद्र रेडा पर। डेढ़ टन वजन वाला ये विशाल रेडा न सिर्फ आकार में शानदार है, बल्कि इसकी कीमत भी सुनकर लोग दंग रह जाते हैं पूरे डेढ़ करोड़ रुपये! गजेंद्र रेडा मुर्रा नस्ल का है, और इसे पूरे देश में पहचान मिल चुकी है। इसके मालिक ज्ञानेश्वर विलास नाइक बताते हैं कि जब ये रेडा सिर्फ चार दिन का था, तब ही इसके लिए एक लाख रुपये की पेशकश हुई थी। कुछ साल बाद हरियाणा के बड़े पशुपालकों ने डेढ़ करोड़ रुपये तक की कीमत लगाने की कोशिश की, लेकिन नाइक परिवार ने साफ़ मना कर दिया। उनका कहनाहै, गजेंद्र ने हमारी किस्मत चमका दी, हम उसे बेचेंगे नहीं।

इस रेडे की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। ज्ञानेश्वर के पिता गणपति नाइक ने कुछ साल पहले हरियाणा से मुर्रा नस्ल का एक भैंसा डेढ़ लाख रुपये में खरीदा था। उसी से गजेंद्र रेडा पैदा हुआ, और यहीं से उनकी किस्मत पलट गई। आज उनकी गौशाला में 50 से ज्यादा भैंसें हैं और गजेंद्र की औलाद 'बाहुबली रेडा' भी वहीं पली-बढ़ रही है। गजेंद्र अब तक देशभर की 22 प्रदर्शनियों में हिस्सा ले चुका है और हर जगह इसका जलवा बना हुआ है। हर प्रदर्शनी से मालिक को करीब एक लाख रुपये की फीस मिलती है। जहां तक इसके खाने की बात है, तो इसके लिए भी राजा जैसी व्यवस्था है। रोज़ इसे 15 लीटर भैंस का दूध, 3 किलो सेब, 3 किलो आटा, और 4 किलो चावल की खली दी जाती है। इसके अलावा गन्ना, मक्का और हरी घास इसकी रोज़ की डाइट में शामिल हैं। मालिक बताते हैं कि गजेंद्र के रख-रखाव पर रोज़ 2 हजार रुपये तक खर्च हो जाते हैं।

# किसानों के कर्ज माफी पर महाराष्ट्र में सियासी संग्राम

» मराठवाड़ा में गरजे उद्धव ठाकरे, बोले- महायुति को वोट न दे

» उद्धव ने धाराशिव से की दौरे की शुरुआत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र में किसानों के कर्जमाफी को लेकर संग्राम मच गया है। किसानों का दर्द बांटने के लिए मराठावाड़ा पहुंचे पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने महायुति पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने किसानों से कहा कि जब तक कर्जमाफी नहीं हो तब तक महायुति को वोट न दें। उधर बहुप्रतीक्षित स्थानीय निकाय चुनावों का ऐलान हो चुका है। पूरे राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव एक चरण में होंगे। विधानसभा चुनावों में महायुति (बीजेपी, एनसीपी और शिवसेना) की गठबंधन को बहुत बड़ी जीत मिली थी। उद्धव ठाकरे ने किसानों से संवाद करके उनका दुख बांटा।

इस दौरान कुछ किसानों ने यह भी कहा कि उन्हें मुआवजे के तौर पर तीन से 21 रुपये के बीच मिले हैं। किसानों ने कहा कि वे कर्जमाफी चाहते हैं। राज्य में बेमौसम बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उद्धव ठाकरे इसी का जायजा लेने के लिए फिर से मराठवाड़ा पहुंचे हैं Kशिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार की ओर से घोषित राहत पैकेज चुनावी एजेंडा है। निकाय चुनाव घोषित होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी केंद्र का नया राहत पैकेज लेकर महाराष्ट्र पहुंचेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने धाराशिव के किसानों से मुलाकात करके अपने 4 दिवसीय दौरे की शुरुआत की। इस बीच उन्होंने किसानों से जाना कि उनके बैंक खाते में राज्य सरकार के घोषित मुआवजे की कितनी राशि आई है। उन्होंने कहा कि दिवाली से पहले मदद राशि देने की घोषणा की गई थी। ठाकरे ने कहा दिवाली बीत गई अभी तक किसानों को मदद नहीं मिली है। नुकसान का सर्वे करने केंद्रीय टीम आई है, लेकिन वह रात में टॉर्च लेकर नुकसान का आकलन कर रही है। अपने इलाकों में बोर्ड लगाकर कहें कि जब तक कर्जमाफी नहीं होगी, महायुति सरकार को वोट नहीं देंगे, तो वहीं दूसरी तरफ बीजेपी ने उद्धव ठाकरे के मराठवाड़ा दौरे को बेमौसमी करार दिया है।



## महायुति को लगेगा किसानों का करंट

मराठा आरक्षण को शांत करने में सफल रहे सीएम फडणवीस को विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा है। महाराष्ट्र में गन्ने के समर्थन मूल्य को लेकर किसान आक्रामक हो गए हैं। कोल्हापुर जिले के दौरे पर पहुंचे सीएम फडणवीस के काफिले पर अज्ञात किसानों ने गन्ना फेंकने की कोशिश की। फडणवीस ने कहा कि हमें खुशी है कि वे दौरे पर तो निकले हैं। फिलहाल वे वोटर लिस्ट की आड़ में चुनाव में खलल डालने की कोशिश कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे के सियासी हमले पर उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि किसानों को 30 जून 2026 तक कर्ज माफी मिलेगी। इसके लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। विपक्ष सियासी फायदे के लिए किसानों को गुमराह कर रहा है।

# बंगाली प्रवासियों को बांग्लादेशी बताकर झूठी खबरें फैला रही बीजेपी : ममता

» बीजेपी एसआईआर के माध्यम से बंगाल के मतदाताओं को डराने की कोशिश कर रही

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की एसआईआर के विरोध में आयोजित एक रैली का नेतृत्व किया। ममता ने आरोप लगाया कि बीजेपी बंगाली प्रवासियों को बांग्लादेशी बताकर बंगाल के खिलाफ झूठी खबरें फैला रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी एसआईआर के माध्यम से बंगाल के मतदाताओं को डराने की कोशिश कर रही है। कोलकाता में आयोजित इस रैली में ममता बनर्जी ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी जानबूझकर बंगाली प्रवासियों को बांग्लादेशी बताकर राज्य के खिलाफ गलत सूचना फैला रही है। यह सब मतदाताओं को डराने-धमकाने की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।

ममता बनर्जी के अनुसार, मतदाता सूचियों का यह विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) बीजेपी का एक हथकंडा है। इसके जरिए वे पश्चिम बंगाल के मतदाताओं में भय का माहौल बनाना चाहते हैं। तृणमूल कांग्रेस इस कदम का पुरजोर विरोध कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कि निर्वाचन आयोग को अवश्य ही यह खुलासा करना चाहिए कि एसआईआर के बाद बिहार में कितने रोहिंग्या और बांग्लादेशी मिले। उधर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद को मंगलवार को एक बेहद समझौतावादी संस्था (निर्वाचन आयोग) की ओर से की जा रही हेराफेरी करार दिया।

# 2026 में जीतेंगे चुनाव, कोई रोक नहीं पाएगा : विजय

» टीवीकेपी अध्यक्ष ने कहा- भगदड़ के बाद फैलाई गई बेमतलब राजनीतिक बातें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चेन्नई। सितंबर के आखिर में करूर में हुई दुखद भगदड़ के बाद, एक्टर विजय ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ी है। अपनी तमिलगा वेत्री कझगम पार्टी के सदस्यों को संबोधित करते हुए, उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा में आ रही कठिनाइयों को कुछ समय के लिए बताया और दृढ़ता से घोषणा की कि कोई भी उन्हें 2026 का चुनाव जीतने से नहीं रोक सकता। अपनी स्पीच में, विजय ने करूर की पिछली पब्लिक मीटिंग में दिए गए अपने बयान को दोहराया, जो भगदड़ से पहले हुई थी। उन्होंने कहा, मैं वही दोहराऊंगा जो मैंने अपनी पिछली पब्लिक मीटिंग में कहा था। जब नेचर और भगवान हमारे साथ हों, जब हमारे अपने लोग हमारे साथ खड़े हों, तो हमें कौन रोक सकता है? ये सभी मुश्किलें बस कुछ समय के लिए हैं, चलो इन्हें तोड़ देते हैं। हमारा सफर रुकेगा नहीं।

चलो कॉन्फिडेंट रहें, और अच्छी चीजें जरूर होंगी। एक्टर ने भगदड़ के बाद फैलाई गई बेमतलब राजनीतिक बातों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, अपने परिवार के लोगों को खोने की वजह से मैं इतने दिनों से बहुत ज्यादा दर्द और परेशानी में था। ऐसे में, यह हमारा फर्ज है कि हम अपने लोगों की भावनाओं के साथ खड़े हों। उन्होंने कहा, शांति और दुख के समय, बेमतलब की अफवाहें और बुरी पॉलिटिकल बातें फैलाई गईं और हम पर थोपी गईं। इन सबका मकसद कानून और सच्चाई को खत्म करना है। हालांकि, हम कानून और सच्चाई के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे, और इन झूठों को दूर करेंगे।

# कोर्ट न्याय का मंदिर है, 7 स्टार होटल नहीं

» बॉम्बे हाईकोर्ट की नई इमारत पर सीजेआई गवई बोले- फिजूल खर्ची ठीक नहीं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने मुंबई में बनने वाले नए बॉम्बे उच्च न्यायालय परिसर को फिजूलखर्ची से बचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह न्याय का मंदिर होना चाहिए, न कि सात सितारा होटल। सीजेआई ने लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप निर्माण करने और वादियों की ज़रूरतों का ध्यान रखने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह उनकी महाराष्ट्र की अंतिम यात्रा है। दरअसल, वह बांद्रा (पूर्व) में परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि नई इमारत किसी शाही ढांचे का चित्रण नहीं होनी चाहिए, बल्कि संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए।



सीजेआई ने अपने संबोधन के दौरान सुझाव दिया कि नए परिसर में फिजूलखर्ची नहीं होनी चाहिए और कहा कि न्यायाधीश अब सामंती प्रभु नहीं रहे क्योंकि उनकी नियुक्ति आम नागरिकों की सेवा के लिए होती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कुछ अखबारों में पढ़ा कि नई इमारत बहुत फिजूलखर्ची वाली है। इसमें दो न्यायाधीशों के लिए लिफ्ट साझा करने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश अब सामंती प्रभु नहीं रहे। न्यायाधीश उच्च न्यायालय, निचली अदालत या सर्वोच्च न्यायालय का हो सकता है। गौरतलब है कि 14 मई 2025 को पदभार ग्रहण करने वाले मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 24 नवंबर को शीर्ष न्यायिक पद छोड़ने से पहले यह उनकी महाराष्ट्र की आखिरी यात्रा थी और उन्होंने कहा कि वह अपने गृह राज्य में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि पहले मैं इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने से हिचकिचा रहा था।

## वादियों की आवश्यकताओं का भी रखा जाए ध्यान

सीजेआई ने कहा कि न्यायालय भवनों की योजना बनाते समय, हम न्यायाधीशों की ज़रूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि हम नागरिकों, यानी वादियों की जरूरतों के लिए मौजूद हैं। सीजेआई ने कहा कि यह भवन न्याय का मंदिर होना चाहिए, न कि सात सितारा होटल।

# प्रीतिश, स्तुति राजेश शाह और ईशान ने नेशनल चैंपियन का खिताब जीता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपने राष्ट्रीय नवाचार कार्यक्रम आइडिएशनएक्स 2.0 के ग्रैंड फिनाले का सफलतापूर्वक आयोजन किया। मुंबई के एस. पी. जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के दूसरे वर्ष के छात्र प्रीतिश वाधवा, स्तुति राजेश शाह और ईशान शर्मा ने आइडिएशनएक्स 2.0 का खिताब जीता।

इस पहल में देश के 100 शीर्ष बी-स्कूलों के 31,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और मिलकर ऐसे विचार पेश किए जो भारत में जीवन बीमा के भविष्य को नया रूप दे सकते हैं। इस अवसर पर भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को अपने अनुभवों से प्रेरित करते हुए कहा कि ध्यान, धैर्य और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं।

# दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान

» अफ्रीका के खिलाफ पंत और आकाश की वापसी, नहीं मिला करुण और शमी को मौका

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। पंत को उपकप्तान की भूमिका मिली है, जबकि शुभमन गिल टीम की अगुआई करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 नवंबर से होगी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर एक बार फिर चयनकर्ताओं की अनदेखी का शिकार हुए हैं।

दोनों को आगामी टेस्ट सीरीज के लिए नहीं चुना गया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन के बावजूद मोहम्मद शमी और करुण नायर एक बार फिर टेस्ट टीम में वापसी करने में नाकाम रहे। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा रहे थे। वहीं, टीम की ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर यशस्वी और राहुल पर ही होगी। सुदर्शन नंबर तीन की भूमिका निभाएंगे। वहीं अक्षर, कुलदीप, सुदंर और जडेजा के रूप में टीम में चार स्पिनर हैं, जबकि बुमराह, सिराज और आकाश के रूप में तीन पेसर हैं। नीतीश पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर टीम में हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 30 नवंबर से छह दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, फिर नौ दिसंबर से 19 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।



## स्पिन के दम पर सीरीज जीत सकता हूं: बावुमा

बंगलूरू। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बावजूद भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज आसान नहीं होगी, लेकिन उन्होंने कहा कि अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण के दम पर उनकी टीम के पास 25 साल बाद भारत में सीरीज जीतने का सुनहरा मौका है। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी बार 1999-2000 में दिवंगत हैंसी क्रोन्ये की कप्तानी में भारत में पहली टेस्ट सीरीज जीती थी। दो मैचों की सीरीज का दूसरा मैच 14 नवंबर से कोलकाता में खेला जाएगा। बावुमा ने कहा, दक्षिण अफ्रीका टीम ने लंबे समय से भारत में टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। इस बार हमारे पास सुनहरा मौका है। जहां तक हमारी बात है तो हम पूरी तैयारी के साथ आये हैं और हमें यहां मिलने वाली चुनौती का अहसास है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

# मतदाताओं के पास अवसरवादी सत्ताधीशों को सबक सिखाने का सुनहरा मौका : खरगे


» कांग्रेस अध्यक्ष बोले- बड़ी संख्या में मतदान करें

» दिग्गजों ने वोट करने की अपील की, दूसरे चरण के लिए प्रचार में तेजी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आरंभ होने के बाद बृहस्पतिवार को राज्य के मतदाताओं से आग्रह किया कि वे बड़ी संख्या में मतदान करें क्योंकि यह जनता के साथ विश्वासघात करने वाले अवसरवादी हुक्मरानों को सबक सिखाने का सुनहरा मौक़ा है। वहीं दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार ने में तेजी आ गई। महागठबंधन व एनडीए के नेताओं आज धुंआधार रैलियां कर अपने पक्ष में जनता से वोट करने की अपील की ।

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में कुल 3.75 करोड़ मतदाता 1,314 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे Iउन्होंने कहा कि एक ऐसे बिहार का निर्माण करना है जहां राज्य के युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो, उन्हें बेरोजगारी और पलायन का दंश नहीं झेलना पड़े। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, समाज के हर वर्ग- दलित, महादलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति-पिछड़ा, आर्थिक रूप से कमज़ोर, अल्पसंख्यक सभी को बराबर का हक़ मिले और सामाजिक न्याय की एक नई परिहम रचें जिससे देश की तरक़्क़ी में बिहार का योगदान बढ़े।''उन्होंने इस बात पर जोर दिया, पिछले 20 वर्षों में बिहार में भ्रष्टाचार, कुशासन और जंगलराज को 'विकास' की ब्रैंडिंग कर, अवसरवादी हुक्मरानों ने जो जनता के साथ विश्वासघात किया है उन्हें सबक सिखाने का आज बिहार की जागरुक जनता के पास सुनहरा मौक़ा है। ये अवसर जाने ना दें। खरगे ने कहा, मैं ख़ासकर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं से दिल से अपील करता हूं कि वो इस मौक़े को ना गंवाएं और परिवर्तन के लिए अपने मताधिकार का ज़रूर प्रयोग करे। वोट ज़रूर करें और अपने मित्रों व परिवारजनों को भी प्रोत्साहित करें। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, लोकतंत्र की जन्मस्थली, बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू हो चुका है। मेरी बिहार के मतदाता से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करें और 20 साल बाद प्रदेश को बदलाव की एक नई दिशा प्रदान करें।''





## राजद का आरोप- वोटिंग धीमी करने के लिए बार-बार काटी जा रही बिजली?

मतदान के बीच राजनीतिक दलों द्वारा गड़बड़ी के दावे और आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। इस बीच विपक्षी महागठबंधन ने बिहार चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने एक्स पर पोस्ट कर दावा किया है कि कई बूथों पर धीमा मतदान कराने के लिए जान बूझकर बार-बार बिजली काटी जा रही है। इसपर इलेक्शन कमीशन का जवाब भी आया है। राजद की ओर से दावा किया गया है कि प्रथम चरण की वोटिंग के मध्य में महागठबंधन के मजबूत बूथों पर धीमा मतदान करने के उद्देश्य से बीच-बीच में बिजली काट दी जा रही है. जानबूझ कर स्लो वोटिंग कराई जा रही है. इसको लेकर आरजेडी ने चुनाव आयोग से मांग की थी कि ऐसी धांधली, बुरी नीयत और दुर्भावनापूर्ण इरादों का अविलंब संज्ञान लें और तुरंत कार्रवाई करें।

## लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए वोट करें : प्रियंका गांधी



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार के लोगों से रोज़गार, शिक्षा, स्वास्थ्य, राज्य के उज्ज्वल भविष्य और अपने मताधिकार की रक्षा के लिए वोट करने का आग्रह किया। कांग्रेस महासचिव ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू होने के तुरंत बाद पर एक पोस्ट में यह टिप्पणी की। प्रियंका गांधी ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा,मेरे प्यारे भाइयों, बहनों, माताओं और बिहार के युवाओं! आज का दिन अपने हाथों से अपना भविष्य तय करने का है। बड़ी संख्या में बाहर आएँ और लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लें। उन्होंने कहा, रोज़गार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिहार के उज्ज्वल भविष्य और अपने लोकतंत्र, संविधान और अपने मताधिकार की रक्षा के लिए वोट करें।

## तवे से रोटी पलटती रहनी चाहिए वरना जल जाएगी : लालू यादव



बिहार चुनाव के लिए चल रही पहले चरण की वोटिंग के बीच राजद सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने लोगों से महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की है। उन्होंने दिवंगत समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया की बात दुहराते हुए जदयू-बीजेपी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार के खिलाफ वोट करने की अपील की। उन्होंने 2005 से जारी नीतीश सरकार को वोटिंग के माध्यम से गिराने का आग्रह करते हुए कहा कि 20 साल बहुत हुआ। लालू प्रसाद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बिहार के नागरिकों से ये अपील की। पूर्व सीएम लालू प्रसाद ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तवा से रोटी पलटती रहनी चाहिए नहीं तो जल जाएगी।

## बिहार चुनाव आयोग ने दावों को बताया झूठा

राजद के इस दावे के बिहार चुनाव आयोग ने पूरी तरह निराधार बताया है. चुनाव आयोग ने आरजेडी के एक्स पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा है, यह आरोप पूरी तरह निराधार और भ्रामक है. बिहार में सभी मतदान केन्द्रों पर सुचारू रूप से मतदान चल रहा है. भारत निर्वाचन आयोग मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्बाध बनाने के लिए सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन कर रहा है. ऐसे भ्रामक प्रचार का कोई आधार नहीं है।

## तेजस्वी व मीसा ने बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील





राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, पार्टी सांसद मीसा भारती के साथ बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोट डालने के लिए अपने आवास से निकले। मतदान से पहले बोलते हुए, मीसा भारती ने लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने पहले चरण में भारी मतदान की अपील करते हुए कहा, मैं बस इतना कहना चाहती हूँ कि सभी को अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए वोट देना चाहिए।

# तमिलनाडु में भारी बारिश, स्कूल बंद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चेन्नई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राज्य के आंतरिक क्षेत्रों में मौजूदा वायुमंडलीय परिसंचरण के कारण, तमिलनाडु में 11 नवंबर तक व्यापक वर्षा होने की संभावना है। चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने अपने नवीनतम पूर्वानुमान में कहा है कि मध्य और पश्चिमी तमिलनाडु के कई जिलों में अगले कुछ दिनों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञानियों ने कहा कि ऊपरी हवा में बना चक्रवाती परिसंचरण बंगाल की खाड़ी से नमी खींच रहा है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के बड़े हिस्से में बार-बार बारिश हो रही है। गुरुवार (6 नवंबर) के लिए, आईएमडी ने अरियालुर, पेरम्बलुर, तिरुचिरापल्ली, कल्लाकुरिची और तिरुवन्नामलाई में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा का अनुमान लगाया है। पश्चिमी जिलों सलेम, धर्मपुरी, कृष्णगिरि और तिरुपत्तूर में भी ऐसी ही स्थिति रहने की संभावना है, जहाँ गरज और बिजली गिरने की भी संभावना है। विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ इलाकों में थोड़े समय के लिए लेकिन तेज़ बारिश हो सकती है, जिससे निचले इलाकों में पानी जमा हो सकता है। शुक्रवार से, बारिश का सिस्टम दक्षिण की ओर बढ़ने की संभावना है, जिससे रामनाथपुरम, शिवगंगा, विरुधुनगर, मदुरै, थेनी और डिंडीगुल में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने इन दक्षिणी जिलों के निवासियों और मछुआरों को, खासकर तटीय और बाढ़-प्रवण क्षेत्रों के पास, सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारियों ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से संभावित बाढ़ से बचाव के उपाय करने का आग्रह किया है, क्योंकि भारी बारिश सड़क संपर्क को प्रभावित कर सकती है और परिवहन सेवाओं को बाधित कर सकती है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर स्लीपर बस पलटने से 20 घायल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर स्लीपर बस के पलट जाने से लगभग 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए और कई अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हसनगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात हसनपुर थाना क्षेत्र के पास हुई।

कुमार ने बताया कि लगभग 60 यात्रियों को लेकर आगरा से लखनऊ जा रही बस, गोभी से लदे एक पिकअप वाहन से टकरा गई। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर तोड़कर सड़क के किनारे खाई में गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुँचीं और बस की खिड़कियाँ तोड़कर यात्रियों को बचाया। पुलिस ने बताया कि घायलों को औरास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जबकि गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के अस्पतालों में रेफर कर दिया गया।

# छत से दरोगा ने दिया धक्का, सड़क पर गिरे बसपा नेता की मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में छत से गिरने के बाद करीब आठ घंटे तक बसपा नेता सत्यभान दर्द से तड़पते रहे। सड़क पर गिरने के बाद लोगों ने सत्यभान का वीडियो बनाया, जिसमें वह दरोगा पर छत से धक्का देने का आरोप लगा रहे हैं। वह कह रहे हैं कि उनकी कमर टूट गई है।**

दरोगा ने बहुत गालियां दीं और फिर धक्का दे दिया। वीडियो में सत्यभान लोगों से मदद की गुहार करते भी नजर आए। वायरल वीडियो से पुलिस विभाग में खलबली मच गई। मौजमपुर गांव में मंगलवार रात पुलिस की दबिश के दौरान छत से गिरने से बसपा के कटरा विधानसभा क्षेत्र के जोन प्रभारी सत्यभान (50) की मौत हो गई। दम तोड़ने से पहले सत्यभान ने वीडियो में दरोगा पर गालीगलौज और धक्का देने का आरोप लगाया। इसे सबूत के तौर पर पेश करते हुए परिजनों ने हंगामा किया।

इसके बाद दरोगा और सादा कपड़ों में आए एक अन्य के खिलाफ गैरइरादतन हत्या और एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

# एकबार फिर सामने आया पुलिस का शर्मनाक चेहरा

» गोंडा में हिरासत में पीट-पीट कर मार डाला

» सरसों के तेल की चोरी के आरोप में पूछताछ के लिए लेकर गए अनुसूचित समाज के एक युवक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**गोंडा। यूपी में पुलिस का क्रूरता थम नहीं रही है। हालांकि इसबार यूपी पुलिस नहीं रेल की पुलिस का शर्मनाक चेहरा सामने आया है। गोंडा जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां सरसों के तेल की चोरी के आरोप में पूछताछ के लिए लेकर गए अनुसूचित समाज के एक युवक की मौत हो गई।**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों पर युवक को पीटकर मार डालने का आरोप है। भाई की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने दो दरोगा व दो सिपाहियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरपीएफ ने भी मामले की विभागीय जांच शुरू की है। मोतीगंज के किनकी गांव निवासी संजय कुमार सोनकर (36) के भाई राजू सोनकर ने बताया कि मंगलवार सुबह 11.30 बजे आरपीएफ के तीन जवान घर आए और सरसों तेल चोरी का आरोप लगा छोटे भाई संजय को पूछताछ के लिए साथ ले गए। शाम करीब 4:30 बजे संजय को दोबारा कार से लेकर आए और बरुआ गांव में एक दुकानदार के पास ले गए। वहां आरपीएफ के एसआई सुरेंद्र कुमार, करन सिंह यादव, कांस्टेबल अमित कुमार यादव व एक अन्य ने भाई को बुरी तरह से पीटा। मौत होने पर शव को मेडिकल कालेज में छोड़कर भाग गए। बुधवार सुबह हमें बताया गया कि संजय अस्पताल में भर्ती है।

## आरपीएफ के दो दरोगा पर केस



नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि संजय की तहरीर पर आरपीएफ के एसआई सुरेंद्र कुमार, करन सिंह यादव, कांस्टेबल अमित कुमार यादव व एक अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, डॉ. कुलदीप पांडेय के नेतृत्व में तीन चिकित्सकों के पैनल ने संजय का पोस्टमार्टम किया। सूत्रों के अनुसार देर शाम मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण अस्पष्ट बताया गया है। इस कारण बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

## बड़ा सवाल : 12 घंटे तक संजय के साथ क्या किया

गोंडा रेलवे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट से महज दस किलोमीटर की दूरी से संजय सोनकर को पकड़ने के बाद उसे पोस्ट तक नहीं लाया गया। आरपीएफ टीम 12 घंटे तक उसे लेकर कहां रही, उसके साथ क्या किया, मौत कैसे हो गई, देर रात मेडिकल कॉलेज में शव छोड़कर क्यों भागे? ये गंभीर सवाल आरोपियों की मुश्किल आगे और बढ़ाएंगे।

स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **महाराष्ट्र कार्यालय**:- 2 जी, कृष्णा कुटीर सागरिका CHS जुहू तारा रोड जुहू- मुंबई- 400049। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com |
**website:** www.4pm.co.in | RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।